Title: Need to run shuttle service between Chalisgaon-Pachora of Central Railway and Dharamgaon-Amavner stations of Western Railway in Erandol Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री अन्नासाहेब एम.के. पाटील (इरन्दोल): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में सेंट्रल रेलवे और पश्चिम रेलवे पर कई महत्वपूर्ण स्टेशन आते हैं। जैसे कि सैंट्रल रेलवे में चालीस गांव और पाचोरा और वेस्टर्न रेलवे के धरमगांव और अमवनेर यह सब स्टेशंस पर साधारण से ४००० से ज्यादा प्रवासी हर रोज शिक्षा, व्यवसाय और नौकरी पर आना-जाना करते हैं। ये हर रोज के प्रवासी भूसावल से मनमांड तक और भुसावल से नंदूरबार तक जाते हैं।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन प्रवासियों के लिए एक स्वतंत्र फास्ट शटल सर्विस शुरु करने का कष्ट करें।